# UNIVERSITY NEWS 11 APRIL 2026

TIMES OF INDIA

## LU VC bats for Edu Reform bill

Lucknow University's vice-chancellor **Prof JP Saini** said that proposed education reform bill will streamline governance and strengthen academic excellence. He was speaking at a seminar on "Higher Education for a Developed India", organised by Akhil Bharatiya Vidyarthi Parishad. He said that the plan envisions replacing multiple bodies such as the UGC, All India Council for Technical Education and National Council for Teacher Education with a single authority to reduce regulatory overlap, simplify compliance and improve academic focus.



DAINIK JAGRAN

## लवि में एआइ आधारित इंटर्नशिप का अवसर

**लखनऊ :** लवि के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) ने विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्रों से जोड़ने की दिशा में पहल की है। इसी क्रम में इकीगाई स्कूल आफ एआइ द्वारा समर इंटर्नशिप के लिए आवेदन मांगे गए हैं। यह इंटर्नशिप मैनेजमेंट ट्रेनी पद के लिए आयोजित की जा रही है, जिसकी अवधि 45 दिन निर्धारित है। इसमें कुल 15 सीटें निर्धारित हैं। इसके लिए वे विद्यार्थी पात्र हैं, जो वर्तमान में स्नातक (चौथे) एवं स्नातकोत्तर (द्वितीय सेमेस्टर) के प्रासंगिक विषयों में अध्ययनरत हैं। विद्यार्थियों को एआइ की मूलभूत अवधारणाएं, डेटा आधारित निर्णय-निर्माण, केपीआइ आधारित विश्लेषण, व्यवसायिक कार्यों में एआइ के अनुप्रयोग, रणनीति निर्माण, आरओआइ विश्लेषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इंटर्नशिप के दौरान प्रदर्शन के आधार पर स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा। वि.

HINDUSTAN

## एआई इंटर्नशिप के लिए 13 तक आवेदन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ने के लिए एआई समर इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है। इसके लिए इकीगाई स्कूल ऑफ एआई की ओर से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह इंटर्नशिप मैनेजमेंट ट्रेनी पद के लिए 45 दिन यानी छह सप्ताह की होगी और ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया स्क्रीनिंग और इंटरव्यू के आधार पर होगी। इसमें कुल 15 सीटें तय की गई हैं। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 13 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

AMAR UJALA

## लविवि में एआई इंटर्नशिप का मौका

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का केंद्रीय प्लेसमेंट सेल समर इंटर्नशिप प्रोग्राम के जरिये एआई सीखने का मौका लेकर आया है। इकीगाई स्कूल ऑफ एआई के सहयोग से आयोजित यह इंटर्नशिप प्रोग्राम 45 दिनों का होगा। इसमें सिर्फ 15 सीटें हैं और चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। आवेदन की आखिरी तारीख 13 अप्रैल है। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय बताया कि इस ऑफलाइन इंटर्नशिप के लिए स्नातक चौथे सेमेस्टर और स्नातकोत्तर दूसरे सेमेस्टर के छात्र आवेदन कर सकते हैं। लिंक https://forms.gle/poHrQmaPQV8qPgkU7 के जरिये आवेदन कर सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## लविवि आईएमएस का रस्साकशी में दबदबा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में आईएमएस की टग ऑफ वॉर टीम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने प्रो. विनीता काचर की अगुवाई में आगाज, जिंग- थ्री, आईआईएलएम जील, आईआईएमटी फ्यूजन फेस्ट और आरआर प्रज्ञान में पहला स्थान हासिल किया। एलपीसीपीएस जेनियम में उपविजेता रही। टीम में तनु चौधरी, कशिश यादव, अनुस्था श्रीवास्तव समेत अन्य शामिल रहीं। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT

## आर्ट्स के कोर्स में मिलेगा साइंस का कॉम्बिनेशन

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय मे अब आर्ट्स के छात्रों को साइंस के विषयों का कॉम्बिनेशन मिल सकेगा। इससे बीए मे छात्र विज्ञान की पढ़ाई करेंगे। इसके लिए इस साल से विवि की ओर से कंप्यूटर साइंस को बीए के एक विषय के रूप मे शामिल किया गया है। वही साइंस के विषय स्टैटिस्टिक्स को भी छात्र बीए मे ले सकेंगे। विवि की ओर से इसके लिए एक नया कॉम्बिनेशन शुरू किया गया है। इसमे इकॉनमिक्स, स्टैटिस्टिक्स, कंप्यूटर साइंस से छात्र बीए कर सकेंगे। मार्केट मे इस कॉम्बिनेशन की भविष्य मे काफी मांग होने जा रही है। अभी लखनऊ के किसी भी विवि मे यह कॉम्बिनेशन नही पढ़ाया जा रहा है।

विवि के आर्ट्स डीन प्रो. अरविंद मोहन ने बताया कि वर्तमान मे डेटा एनालिटिक्स और फाइनैंशियल कंप्यूटिंग के क्षेत्र मे कई जॉब निकल रही है। डेटा के क्षेत्र मे आने वाले कुछ सालो मे जॉब की भरमार होने वाली है। यही वजह है कि मार्केट मे इनकी काफी डिमांड है। इसी को ध्यान मे रखते हुए बीए मे यह कॉम्बिनेशन शुरू किया गया है। इसकी खास बात ये है कि इकॉनमिक्स के साथ कंप्यूटर साइंस जुड़ जाने से डिजिटल सेक्टर मे फाइनैंस की जॉब का रस्ता खुल जाता है। इस विषय के जुड़ने से अब इकॉनमिक्स के छात्रो को डिजिटल सेक्टर मे भी जॉब मिल सकेगी। वही आगे हायर एजुकेशन मे भी छात्रो के पास कई विकल्प खुल जाते है। इसी साल से इसे शुरू किया गया है। इसमे 60 सीटो पर इस बार दाखिले लिए जाएंगे। जो दाखिले लिए जाएंगे वह इकॉनमिक्स दूसरे विषयो के साथ करने वालो से अलग छात्र होंगे।

HINDUSTAN




लखनऊ विश्वविद्यालय में एबीवीपी अवध की ओर से संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

## विकसित राष्ट्र बनने में शिक्षा अहम : प्रो. जेपी पांडेय

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में एबीवीपी अवध से विकसित भारत के लिए संगोष्ठी का आयोजन हुआ। एकेटीयू के कुलपति प्रोफेसर जय प्रकाश पाण्डेय ने विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में शिक्षा और कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका पर बात की। एकेटीयू आर्किटेक्चर फैकल्टी की अधिष्ठाता प्रो. वंदना सहगल ने कहा कि शिक्षा को व्यावहारिक व कौशल आधारित बनाया जाना चाहिए।

HINDUSTAN

## ऑनलाइन रिव्यू, सेलिब्रिटी प्रचार से बदलता नजरिया

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के शिक्षक सैफुद्दीन अहमद, राज कुमार मिश्रा और यूसुफ कमाल का शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुआ है। शोध में बताया गया है कि ऑनलाइन रिव्यू और सेलिब्रिटी प्रचार से उपभोक्ताओं का भरोसा, ब्रांड के प्रति नजरिया और उसकी प्रतिष्ठा पर बड़ा असर पड़ता है।

## न्याय विकसित समाज की मूल आधारशिला

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग और लिटरेरी काउंसिल-एनलिट की ओर से इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के विद्यार्थियों के लिए समकालीन न्याय व्यवस्था विषयक व्याख्यान आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. सतीश कुमार ने कहा कि न्याय किसी भी विकसित समाज की मूल आधारशिला और नागरिकों की जिम्मेदारी है।

AMAR UJALA

## एकीकृत व्यवस्था से शिक्षा में बढ़ेगी पारदर्शिता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विकसित भारत के लिए उच्च शिक्षा विषय पर संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम चार सत्रों में हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि नए विधेयक के तहत यूजीसी, एआईसीटीई और एनसीटीई की जगह एक एकीकृत व्यवस्था बनेगी। इससे पारदर्शिता और गुणवत्ता बढ़ेगी। विशिष्ट अतिथि एनबीआरआई के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी व मुख्य वक्ता प्रो. राज शरण शाही रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अशोक मोरल ने की। (माई सिटी रिपोर्टर)